SPBahraich के कुशल निर्देशन में, थाना रामगांव पुलिस द्वारा धारा 305, 317(2), 317(4) BNS से सम्बन्धित चोरी कारित करने वाले 02 नफर अभियुक्त को माल बरामद करते हुए किया गया गिरफ्तार।

विद्यालय में चोरी करते दो को ग्रामीणों ने पकड़ा

संसू, जागरण • रामगांव (बहराइच): तेजवापुर ब्लाक के संविलियन विद्यालय मेटुकहा में गुरुवार की रात चोरों ने ताला काट कर अंदर घुस गए। कमरे में रखा रसोई गैस सिलेंडर, सोलर लाइट सिस्टम की तीन बैट्री व पंखा चोरी कर लिया। खटपट की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचचे। उनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर चोरों को दबोच लिया। उनके पास से चोरी का सामान, एक लोहे की सरिया, लोहा काटने की आरी और पेंचकस पुलिस ने बरामद किया। थानाध्यक्ष आलोक सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों की पहचान कोतवाली देहात के चौखड़िया निवासी राजितराम वर्मा व महेश कुमार उर्फ झब्बर के रूप में हुई है। केस दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेज दिया गया है।